सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४ -२५

कक्षा:-चार | विषय:हिंदी | पाठ:5 हरियाली आई (कविता)

हिंदी पाठ्यपुस्तक पृष्ठ संख्या 36 पर दिए गए सभी शब्दार्थ अपने कार्य पुस्तिका में कीजिए

लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1)दानव वन क्यों काटता था ?

उत्तर दानव हरियाली से नफरत करता था इसलिए वह हरे भरे वनों को काट देता था ।

प्रश्न 2) नदियों में बाढ़ें कब आईं ?

उत्तर जब दानव ने हरे भरे पेड़ों को काट दिया, तब नदियों में बाढ़ आई ।

प्रश्न 3) मनुष्य ने दानव को क्या दंड देने का विचार किया ?

उत्तर मनुष्य ने दानव को पकड़कर मोटे-मोटे रस्सों से बाँध दिया और उसे पर्वत से नीचे फेंकने का विचार किया ।

प्रश्न4)आज का मनुष्य फिर क्या गलती कर रहा है ?

उत्तर आज का मनुष्य हरे भरे पेड़ों और वनों को काटकर फिर से हरियाली छीनने की गलती कर रहा है ।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न1)कविता में दानव की क्या-क्या विशेषताएँ बताई गई हैं ?

उत्तर दानव का सर भारी था । बड़े-बड़े बाल थे और उसकी वेशभूषा बहुत भयानक थी । वह हमेशा कुल्हाड़ी लेकर घूमता रहता था ।

प्रश्न2)दानव को कब खुशी मिलती थी ?

उत्तर दानव को हरियाली से नफ़रत थी । उसे रेगिस्तान पसंद था।

उसे ऐसी उजाड़ जगह पसंद थी, जहाँ पर एक भी फूल ना हो । उजाड़ जगह को देखकर उसे खुशी मिलती थी ।

प्रश्न3) जब पेड़ कटने बंद हो गए तो क्या-क्या बदलाव फिर से आए ?

उत्तर जब पेड़ कटने बंद हो गए तो चारों तरफ हरियाली छा गई ।बाढ़े आनी रुक गई और चारों तरफ खुशियाँ ही खुशियाँ फैल गई ।

प्रश्न4) दानव में क्या परिवर्तन आ गया था ?

उत्तर दानव में बहुत परिवर्तन आया । अब उसने पेड़ काटने बंद कर दिए थे । वह पर्वत पर रहने वाले लोगों के सुख-दुख का भी ध्यान रखता था । अब उसे हरियाली भी अच्छी लगने लगी थी ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।

1)पर्वत - पहाड़

संसार की अधिकाँश पर्वत चोटियाँ हिमालय में ही स्थित है ।

2)चिंता - फिक्र

माता-पिता हमेशा अपने बच्चों की चिंता में लगे रहते हैं ।

3)घटाएँ - काले बादलों का समूह

आकाश में अचानक घटाएँ छाने लगी ।

4) भयानक - डरावना

भयानक तूफ़ान के कारण सारा गाँव अस्त व्यस्त हो गया ।